133

कोर्ट फी 10 रु. COURT FEE Rs.10 भारत INDIA दस रुपये TEN RUPEES

कोर्ट फी 10 रु. COURT FEE Rs.10 भारत INDIA दस रुपये TEN RUPEES

न्यायालय माननीय राजस्व मण्डल मध्यप्रदेश ग्वालियर

प्रकरण क्रमाक /2016विविध - भिण्ड विविध - 9170 - I - 16

वासुदेव शर्मा पुत्र श्री बनवारीलाल ग्राम जगना , तहसील अटेर जिला भिण्ड म.प्र.

.......आवेदक

बनाम

1. सुभाष सिंह पुत्र सैथीलाल ग्राम महापुर तहसील मेहगांव जिला भिण्ड
2. श्रीलाल पुत्र पुत्तूलाल
3. विनोद पुत्र रामभरोसे
4. संजय पुत्र रामभरोसे

निवासीगण – ग्राम मौरा तहसील अटैर जिला भिण्ड म.प्र.

...... अनावेदकगण

आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 152, 153 सी.पी.सी. एवं धारा 32, म.प्र. भू राजस्व संहिता माननीय न्यायालय द्वारा प्रकरण क्रमांक 715/11/ 03 में पारित आदेश दिनांक 19.01.2016 में संशोधन करने बाबत

श्रीमानजी,

आवेदन पत्र निम्नानुसार प्रस्तुत है :–

1. यहकि, माननीय न्यायालय द्वारा निगरानी प्रकरण क्रमांक 715/11/03 में दिनांक 19.01.2016 को आदेश पारित कर आवेदक की निगरानी स्वीकार की गई थी किन्तु पारित आदेश में ग्राम जगना स्थित भूमि सर्वे क्रमाक 637 रकवा 0.366 आरे एवं सर्वे क्रमांक 638 रकवा 0.199 आरे कुल किता 2 कल रकवा 0.565 आरे भूमि आवेदक द्वारा रजिस्टर्ड विक्रय विलेख दिनांक 18.11.2005 में क्रय की थी । उक्त सर्वे नम्बर का विवरण आदेश में छूट गया है।

राजस्व मण्डल मध्यप्रदेश ग्वालियर

अनुवृत्ति आदेश पृष्ठ

प्रकरण कमांक विविध 9170–एक / 16 जिला –भिण्ड

स्थान तथा दिनांक	कार्यवाही तथा आदेश	पक्षकारों अभिभाषकों आदि के हस्ताक्षर
9.9.16	आवेदक के अधिवक्ता श्री आर0 एस0 सेंगर उपस्थित होकर आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 152, 153 सी.पी.सी. एवं धारा 32 म0प्र0 भू–राजस्व संहिता के अंतर्गत प्रस्तुत किया। उनके द्वारा निवेदन किया गया है कि प्रकरण कमांक निगरानी 715–दो / 03 में पारित आदेश दिनांक 19.1.16 में संशोधन का आवेदन प्रस्तुत कर निवेदन किया गया है कि ग्राम जगना स्थित भूमि सर्वे कमांक 637 रकवा 0.366 आरे भूमि आवेदक द्वारा रजिस्टर्ड विकय विलेख दिनांक 18.11.05 में कय की थी। उक्त सर्वे कमांक का विवरण आदेश में छूट गया है। 2– आवेदक द्वारा निवेदन किया गया है कि मान0 न्यायालय के समक्ष आदेश 1 नियम 10 सी.पी.सी. एवं धारा 32 भू–राजस्व संहिता का आवेदन दिनांक 14.9.15 को प्रस्तुत किया था उसमें दानों रजिस्ट्रीयों का विवरण दिया गया था दूसरी रजिस्ट्री का विवरण पारित आदेश में के पैरा 6 पेज 4 पर दिया गया किन्तु दो सर्वे कमांक 637, 638 का जिस पर आदेवक का नामांतरण हो चुका है का विवरण आदेश में छूट गया है। जिसे आदेश के पैरा 6 पेज 4 में कुल किता 4 कुल रकवा 1. 035 में से रकवा 0.910 है0 के बाद सर्वे कमांक 637 रकवा 0.366 है0 एवं सर्वे कमांक 638 रकवा 0.199 है0 कुल किता 2 कुल रकवा 0.565 है0 पंजीकृत विकय विलेख दिनांक 18.11.05 को जोडे जाने का अनुरोध किया है। 3– आवेदक अधिवक्ता का निवेदन स्वीकार किया जाकर आवेदन पत्र	

स्वीकार किया जाता है तथा ग्राम जगना स्थित भूमि सर्वे क्रमांक 637 रकवा 0.366 एवं सर्वे क्रमांक 638 रकवा 0.199 है0 कुल किता 2 कुल रकवा 0.565 है0 भूमि आवेदक द्वारा दिनांक 18.11.05 को पंजीकृत विक्रय विलेख से क्रय की थी जिसे आदेश के पैरा 6 में जोड़े जाने के आदेश दिये जाते है। यह आदेश पत्रिका मूल आदेश का अंग मानी जावेगी।

सदस्य